### एक नजर में

## मनाया जाएगा परशुराम जी का प्रकटोत्सव

**बैतूल।** बैतूल सनातन समाज बैतूल की बैठक परशुराम मंदिर बडोरा बैतूल में संपन्न हुई। जिसमें ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी प्रकट उत्सव 19 अप्रैल, रविवार को धूमधाम से मनाने पर विचार-विमर्श किए गए। सनातन ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुभाष पांडे ने बताया कि 19 अप्रैल को बडोरा मंदिर में सुबह 8 बजे से अभिषेक, हवन-पूजन, दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक और प्रसादी वितरण शाम 6 बजे से किया जाएगा। उत्सव को लेकर लेकर जिम्मेदारियों भी सौंपी जा रही हैं। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल मिश्र, उपाध्यक्ष राजेश अवस्थी, अनिल दुबे, एस.पाटिल, श्रीमती साक्षी शर्मा, संगीता अवस्थी, आरती अवस्थी नीलम दुबे, मीनाक्षी शुक्ला, श्रीमती पाटिल आदि स्वजातीय बंधु मौजूद थे।

## फेल होने पर छात्र ने खाया जहरीला पदार्थ

**मुलताई।** मप्र बोर्ड कक्षा 10 वी एवं 12का बुधवार को रिजल्ट आने के बाद परीक्षा मे फेल हुए एक छात्र ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसे परिजनों द्वारा तुरंत नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार किया गया। उपचार के बाद हालत ठीक बताई जा रही है। बताया जाता है तहसील क्षेत्र के एक ग्राम मे निवास करने वाला छात्र नगर के एक निजी विद्यालय में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत था। बुधवार को जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुए, छात्र ने अपना रिजल्ट देखा और फेल होने पर मानसिक तनाव में आ गया और छात्र ने कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों को जानकारी मिलने के बाद उन्होने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर उसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद छात्र की हालत सामान्य बताई जा रही है।

## शत-प्रतिशत रहा विद्यालय का परीक्षा परिणाम

**शाहपुर।** शासकीय हाई स्कूल सालीमेट का सत्र 2025-26 मे परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट रहा। शाला में दर्ज 18 बच्चों मे से 17 बच्चे परीक्षा मे बैठे थे। सभी 17 बच्चे प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए हैं। शाला का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विगत सत्र 2024-25 मे भी शाला का परीक्षा परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र मे संचालित हैं। बच्चों को कोचिंग या ट्यूशन की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं। सभी बच्चे शाला के अध्ययन-अध्यापन पर निर्भर हैं। यह उपलब्धि सभी शिक्षकों के अथक प्रयास का प्रतिफल हैं। शाला प्रभारी प्राण नाथ तिवारी ने बताया कि यह उपलब्धि सहायक आयुक्त विवेक कुमार पांडेय सहायक संचालक सुनील कुमार जैन, विकास खंड शिक्षा अधिकारी गुलाबराव बर्डे, संकुल प्राचार्य एस के कटारे के मार्गदर्शन से शाला ने यह उपलब्धि हासिल की हैं।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला 16 अप्रैल को

**बैतूल।** रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन 16 अप्रैल को प्रात: 11 से 4 बजे तक महात्मा गांधी महाविद्यालय परिसर आठनेर में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री श्याम कुमार धुर्वे ने बताया कि रोजगार मेले में कंपनियों के द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

# पांढुरना जिले के मेधावी छात्रों का कलेक्टर द्वारा किया सम्मान

**एमपी बोर्ड की प्रवीण्य सूची में 6 छात्रों ने जिले का नाम रोशन**

**कड़ी मेहनत और अनुशासन से हासिल की बड़ी सफलता**




**नव भारत न्यूज,**
**पांढुरना, 15 अप्रैल,** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) द्वारा घोषित हाई स्कूल सर्टिफिकेट (कक्षा 10वीं) एवं हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) परीक्षा परिणामों में जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की प्रवीण्य सूची में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। ग्रामीण अंचल से आने वाले इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने यह साबित किया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से सफलता हासिल की जा सकती है।

**प्रदेश की प्रवीण्य सूची में जिले के होनहारों का प्रदर्शन**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं में जिले के 5 विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान बनाया है। सांदीपनि विद्यालय, सौसर की छात्रा निकिता फरकसे ने 497 अंकों के साथ प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। इसी विद्यालय के छात्र मोहित मुर्मुले (पिता वासुदेव मुर्मुले) ने 494 अंकों के साथ छठवां स्थान हासिल किया। सांदीपनि विद्यालय, पांढुर्णा की छात्रा हर्षदा विरखरे ने 493 अंकों के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया। लिटिल स्टेप विद्यालय, बोरगांव के छात्र आदर्श मणेराव (पिता विष्णु मणेराव) ने 492 अंक अर्जित कर आठवां स्थान प्राप्त किया, जबकि सरस्वती शिशु मंदिर, तिगांव के छात्र निशांत वानखेड़े (पिता किशोर वानखेड़े) ने 490 अंकों के साथ दसवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।इसके अतिरिक्त कक्षा 12वीं (गणित संकाय) में न्यू सनफ्लावर विद्यालय, पांढुर्णा की छात्रा मेघा बिंगाने ने 483 अंकों के साथ प्रदेश की प्रवीण्य सूची में दसवां स्थान अर्जित कर जिले को एक और गौरव दिलाया।

**कलेक्टर ने दी बधाई,कहा प्रेरणादायक उपलब्धि 000**

कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने इसे जिले के लिए गर्व का विषय बताते हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**विकासखंड स्तर पर भी संतुलित सफलता 000**

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रवीण्य सूची में शामिल इन विद्यार्थियों में से 3 छात्र सौसर विकासखंड तथा 3 छात्र पांढुर्णा विकासखंड (कक्षा 12वीं सहित) से हैं। यह उपलब्धि जिले में शिक्षा के समान और संतुलित विकास को दर्शाती है। जिले के इन मेधावी सितारों की सफलता न केवल उनके परिवार और विद्यालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। जिला प्रशासन पांढुर्णा शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे ही उत्कृष्ट परिणामों के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## बेंगलुरु-निजामुद्दीन राजधानी का इंजन फेल, सांसद समेत यात्री हुए परेशान

**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** मध्य रेल नागपुर मंडल के तहत बेंगलुरु से हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस का इंजन खराब हो गया. इससे ट्रेन को करीब 2 घंटे तक गुमगांव स्टेशन पर रोकना पड़ा. जानकारी के अनुसार, उक्त ट्रेन अपने निर्धारित समय पर नागपुर की ओर आ रही थी. राजधानी एक्सप्रेस करीब दोपहर 2.46 बजे गुमगांव स्टेशन पर थी. इस बीच इंजन का पावर सप्लाई बंद हो गया. लोको पायलट ने स्थिति समझते हुए गुमगांव स्टेशन के पास ही ट्रेन रोक दी. कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही ऑपरेटिंग विभाग की ओर से एक मालगाड़ी का इंजन राजधानी एक्सप्रेस को नागपुर तक लाने के लिए भेजा गया. करीब 2 घंटे के बाद ट्रेन 16.28 बजे प्लेटफॉर्म 1 पर पहुंची. हालांकि इस समय तक करीब 1 घंटे 57 मिनट की देरी हो चुकी थी. नागपुर स्टेशन पर दूसरा इंजन लगाकर ट्रेन को दिल्ली की ओर रवाना किया गया.

**यात्रियों को हुई परेशानी:** जानकारी के अनुसार, उक्त राजधानी एक्सप्रेस में राज्यसभा सांसद माया इवनाते सवार थीं. उन्हें नागपुर तक आना था लेकिन केवल 19 किमी की दूरी पर ट्रेन का इंजन फेल होने से उन्हें भी देरी हुई. वहीं ट्रेन में सवार यात्रियों के अलावा नागपुर स्टेशन पर भी उक्त राजधानी एक्सप्रेस के यात्री अपनी ट्रेन राइट समय पर होने के बावजूद देरी का कारण जानने की कोशिश करते दिखाई दिये.

## RPF ने दबोचा चोर, चोरी किया मोबाइल जब्त

**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** मध्य रेल नागपुर मंडल के रेलवे सुरक्षा बल ने गश्त के दौरान प्लेटफॉर्म-1 के ओपन वेटिंग हॉल में शिकार की तलाश कर रहे एक चोर को धर दबोचा. आरोपी का नाम बारसेनगर, पांचपावली निवासी नितिन सुनील वाघमारे (41) बताया गया. उसके पास से 63,000 रुपये का महंगा मोबाइल जब्त किया गया जो एक यात्री से चोरी किया हुआ था. आरपीएफ पोस्ट और सीआईबी की टीम गश्त कर रही थी. इसी दौरान ओपन वेटिंग हॉल में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में नजर आया. पूछताछ में उसने अपना नाम नितिन बताया. तलाशी लेने पर उसके पास एक महंगा मोबाइल मिला जिसके बारे में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका. आरपीएफ थाने लाकर कड़ाई से पूछताछ में उसने प्लेटफॉर्म-8 पर सो रहे एक यात्री से इस मोबाइल की चोरी करने की कबूली दी. जांच में पता चला कि इस मोबाइल चोरी के संबंध में लोहमार्ग पुलिस थाने में एक दिन पहले यात्री द्वारा मामला दर्ज कराया गया था. यह कार्रवाई सीनियर डीएससी मनोज पांडे और आईपीएफ यादव के मार्गदर्शन में पूरी की गई.

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**नागपुर.** मानकापुर थाना क्षेत्र में माल वाहन के चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी. बुरी तरह जख्मी बाइक सवार की उपचार मिलने से पहले ही मौत हो गई. मृतक कस्तूरबानगर, जरीपटका निवासी संतोष सुरेश इंगोले (34) बताया गया. पुलिस ने संतोष के भाई दिनेश की शिकायत पर तीन पहिया माल वाहन क्र. एम.एच.31-डी.एस.0559 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है. बुधवार को तड़के 4.30 बजे के दौरान संतोष अपनी मोटरसाइकिल क्र. एम.एच.49-एम.9066 पर अवस्थीनगर चौक से शफीनगर की ओर जा रहे थे. हल्दीराम स्टोर के सामने आरोपी वाहन चालक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया. स्थानीय नागरिकों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. संतोष को उपचार के लिए मेयो अस्पताल भेजा गया लेकिन डाक्टर ने मृतक घोषित कर दिया. पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है.

## सिटी में घूमते धराए 2 तड़ीपार

**नागपुर.** पांचपावली और सोनेगांव पुलिस ने 2 तड़ीपार अपराधियों को सिटी में घूमते दबोच लिया. एक के पास पुलिस को धारदार हथियार भी बरामद हुआ. पांचपावली पुलिस दोपहर 2.35 बजे के दौरान शोभाखेत परिसर में गश्त कर रही थी. इसी दौरान पुलिस को आसीष पांडुरंग दिवटे (43) परिसर में घूमता दिखाई दिया. आशीष को इसी वर्ष जनवरी महीने में 1 वर्ष के लिए जिले से तड़ीपार किया गया था. बिना अनुमति लिए वह शहर में दाखिल हुआ. आशीष के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है. परिसर में जुआ चलाने को लेकर दिवटे वर्षों से चर्चित है. दूसरी कार्रवाई सोनेगांव पुलिस ने राहुलनगर में की. पुलिस को खबर मिली कि एक अपराधी मनपा स्कूल के पास हथियार लेकर घूम रहा है. तत्काल पुलिस की टीम वहां पहुंची और राहुलनगर झोपड़पट्टी निवासी सागर सुधाकर नारनवरे (33) को दबोचा. तलाशी में उसके पास एक चाकू बरामद हुआ. पुलिस ने उनके खिलाफ तड़ीपारी के उल्लंघन और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है.

# कृषक की पुत्री,संदीपनी स्कूल की छात्रा हर्षदा विरखरे प्रदेश के टॉप टेन की सूची में

**ग्रामीणों ने किया छात्रा का सम्मान**



**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना, 15 अप्रैल,** नगर जिला मुख्यालय के संदीपनी स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी हर्षदा विरखरे ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 500 में से 493 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में सातवें स्थान कर स्कूल के साथ ही अपने माता-पिता तथा गांव का नाम भी रोशन किया।

मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा आयोजित की गई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा का बुधवार को जारी किए रिजल्ट पांढुरना नगर के संदीपनी स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी हर्षदा विरखरे द्वारा कुल 500 में से 493 अंक अर्जित कर प्रदेश की प्राविय सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया,छात्रा की इस सफलता पर इसके माता-पिता तथा परिजन के साथ ही इसके गृह ग्राम कामठी कला के लोग भी अपने आप को गौरवान्ति महसूस कर रहे है।

छात्रा कुमारी हर्षदा विरखरे ग्राम कामठीकला निवासी कृषक विलास विरखरे तथा श्रीमती सोनु विरखरे की पुत्री है,ज्ञातव्य हो कि कामठीकला यह ग्राम पांढुरना नगर जिला मुख्यालय से दस किलों मीटर दूरी पर स्थित है,और यह छात्रा प्रतिदिन दस किलों का सफर तय कर पांढुरना नगर के सांदिपनी स्कूल आना-जाना करती रहीं है।

आज दसवी बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने के साथ ही छात्रा कुमारी हर्षदा की इस सफलता पर उन्हें बंधाईया देंने ताता लगा रहा,छात्रा द्वारा हमारे नवभारत प्रतिनिधि से चर्चा में उसने अपनी इस सफलता को श्रेय अपनी बडी बहन जो कि इंदौर में बी टेक कर रहीं है उसे तथा माता-पिता एवं स्कूल के शिक्षकों को दिया। छात्रा हर्षदा ने बताया कि वह आगे पढक़र इंजीनियर बनना चाहती है। इसके लिए वह और भी मन लगाकर पढ़ाई करेंगी।

छात्रा की इस सफलता पर आज बुधवार को इसके गृह ग्राम कामठी के शासकीय राजेन्द्र उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल के शिक्षक मंहत संजय पुरी गौस्वामी द्वारा इस छात्रा तथा इसके पिता को पुष्पगुच्छ भेट तथा शील्ड भेटकर सम्मानित किया,इस अवसर पर पंडित शिवाजीराव घागरे,डेबु भोद,पुनाजी घागरे,रामदास भादे,अजाब हिंगवे,लालु माटे,दशरथ घागरे,रामदास पराडकर,शेषराव भादे,राजेश चिरखरे,सद्दू मोहबे आदि ने भी छात्रों को बंधाईयां देते हुए इसके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# स्वास्थ्य सेवाओं का कलेक्टर डॉ . सोनवणे ने किया निरीक्षण

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को भीमपुर पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी कक्ष की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक उपचार एवं औषधियों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना एवं सर्पदंश जैसी आपात स्थितियों के उपचार के लिए आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, एसडीएम अजीत मरावी, जिला टीकाकरण अधिकारी प्रांजल उपाध्याय, तहसीलदार बसंत बरखानिया एवं जनपद सीईओ भीमपुर उपस्थित रहें। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों के पंजीयन रजिस्टर का निरीक्षण कर यह जानकारी ली कि किन बीमारियों के मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा वहां से जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। उन्होंने चिल्लौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर हैंडओवर करने के निर्देश दिए, ताकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दबाव कम किया जा सके।

# कलेक्टर का दौरा, किसानों को दिए सुझाव

**बैतूल।** नवागत कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने पदभार ग्रहण करने के बाद बुधवार को जिले का पहला मैदानी दौरा किया। इस दौरान वे ग्राम ढोंडवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने किसान शुभम पंडाग्रे और भूषण सावले से चर्चा कर गन्ना फसल की प्रति हेक्टेयर लागत, उत्पादन एवं विक्रय की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ मत्स्य पालन, उद्यानिकी एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विविध कृषि गतिविधियों को अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं और खेती को लाभ का व्यवसाय बना सकते हैं।



क्षेत्र में जैविक गुड़ के बढ़ते उत्पादन और बाजार में इसकी मांग को देखते हुए कलेक्टर ने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि ऐसे किसानों का क्लस्टर बनाकर उन्हें बेहतर पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाए, जिससे उन्हें उचित बाजार मूल्य मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि क्षेत्र की मिट्टी की गुणवत्ता एवं पानी की उपलब्धता के आधार पर फसल चयन के लिए किसानों को प्रेरित किया जाए, ताकि उत्पादन लागत कम हो और लाभ अधिक मिल सके।

# कांग्रेस वार्ड स्तर पर संगठन तैयार करेगी : भारती

**सारनी।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूती देने के लिए कमेटियां बनाएगी। सभी लोगो को साथ लेकर संगठन को मजबूत किया जायेगा. उपरोक्त उदगार ब्लाक अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने ब्लाक अध्यक्ष बनने के तीन माह बाद समीक्षा बैठक मे व्यक्त किए है। मठारदेव बाबा मंदिर परिसर में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस समेत अन्य विंगों की उपस्थिति रही। कार्यकाल के दौरान सौंपे गए ज्ञापन एवं अन्य जनहितैषी कार्यों की समीक्षा की गई। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने



बताया कि कार्यकाल के दौरान विभिन्न जन समस्याओं को लेकर 9 ज्ञापन सौंपे गए।

सभी में शासन की ओर से सकारात्मक कार्यवाही की गई। इससे जन समस्याओं का निराकरण हुआ। ब्लाक कांग्रेस जन समस्याओं को सतत उठाते रहेगी। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान कांग्रेस को वार्ड स्तर तक मजबूत करने पर बल दिया गया। वार्ड स्तर पर वार्ड कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी वार्ड में सर्वे कर वहां की समस्याएं एकत्रित करेगी। जिनका हर संभव स्तर पर निराकरण किया जाएगा।

# पोल्ट्री फार्म में आग से मुर्गियां जलीं, 15 लाख से अधिक का नुकसान

**नवभारत न्यूज**
**बैतूल, 15 अप्रैल. जिले में आगजनी की एक बड़ी और दर्दनाक घटना सामने आई है। खेतों में लगी भीषण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पास स्थित एक पोल्ट्री फार्म तक पहुंच गई।**

आग इतनी तेजी से फैली कि पोल्ट्री फार्म में रखी हजारों मुर्गियां उसकी चपेट में आ गईं। हादसे में 6 हजार से ज्यादा मुर्गियां झुलसकर मर गईं। जानकारी के अनुसार घटना प्रभातपट्टन ब्लॉक के इटावा मार्ग की है। बताया जा रहा है कि खेतों में अचानक आग लग गई थी, जो तेज हवा के कारण तेजी से



आसपास के क्षेत्र में फैल गई। कुछ ही समय में आग पास के पोल्ट्री फार्म तक पहुंच गई और वहां अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इस आगजनी में पोल्ट्री फार्म को भारी नुकसान पहुंचा है। मुर्गियों के अलावा फार्म में रखा सामान, कृषि उपकरण और खेतों में खड़ी फसल भी जलकर नष्ट हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार कुल नुकसान 15 लाख रुपये से अधिक बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और नुकसान का जायजा लिया। अधिकारियों ने प्रभावित परिवार से जानकारी लेकर पंचनामा तैयार किया। प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अचानक हुई इस भीषण आगजनी से किसान परिवार गहरे सदमे में है। मेहनत से तैयार किया गया पोल्ट्री व्यवसाय और खेती कुछ ही देर में राख में बदल गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को जल्द आर्थिक सहायता देने की मांग की है। वहीं आग लगने के कारणों की जांच भी की जा रही है।

# गौ मांस के मुख्य सरगना पर कार्यवाहीं नहीं होने से नगर में दिनों-दिन बढ़ती जा रहीं गौ मांस की सप्लाई

**हिंदू अनुयायियों में भारी आक्रोश**



**नवभारत न्यूज,**
**पांढुरना, 15 अप्रैल,** पहले मां-बेटी और इसके बाद पिता-पुत्र को महाराष्ट्र के वरूड़ से भारी मात्रा में गोमांस पांढुरना में लाते हुए पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर इन्हें तो जेल भेज दिया,लेकिन आज तक इस गौ मांस की नगर में सप्लाई करने वाले मुख्य सरगना के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई भी कोई भी कार्यवाही नहीं करने के चलते ही अब भी नगर में गौ मांस लाने का कारोबार शुरू है,जिससे हिंदूवादी संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

गौरतलब हो कि नगर के टेकडी वार्ड निवासी मां-बेटी श्रीमती मासुम पति सलीम कुरैशी 47 एवं उसकी पुत्री सिमरन पिता सलीम कुरैशी 25 को सीमावर्ती महाराष्ट्र के वरूड से दो पहिया मोपेड वाहन पर लादकर पांढुरना नगर में गौ मांस लाते हुए ग्राम कलमगांव के पास पुलिस द्वारा उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था,इसके बाद नगर के इसी घनपेठ क्षेत्र में रहने वाले कब्बाडी व्यापारी पिता-पुत्र अहमद और फरहान को इनकी निजी कार से गौ मांस लाते हुए बीते 3 अप्रैल 2026 को पुलिस ने इसी अमरावती मार्ग पर स्थित शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के पास गिरफ्तार कर इन्हें भी जेल भेजा दिया,यहां तक इन गौ मांस के तस्करों से जप्त दो पहिया मोपेड तथा चौपहिया कार को पुलिस द्वारा राजसात करने की कार्यवाही भी शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय हो कि महाराष्ट्र के वरूड़ से गौ मांस नगर में लाने के इन घटनाओं के विरोध स्वरूप ही जिले के हिंदूवादी संगठनों द्वारा जिला कलेक्टर तथा जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर इस तरह गौ मांस नगर में लाने के कारोबार पर सख्ती से पाबंदी लगाने हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन भी सौंपा था,उस समय अधिकारियों द्वारा हिंदूवादी संगठनों को इन गौ मांस के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर इस तरह गौ मांस पांढुरना जिले में नहीं आने देंने का आश्वासन भी दिया था।

लेकिन इसके बावजूद आज तक वरूड़ में रहने वाले इस गौ मांस के मुख्य कारोबारी पर पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण ही इसके हौसले बढ़ते ही जा हीं है,और यह किसी ना किसी माध्यम से अब भी पांढुरना नगर में आए दिन गौ मांस की खेप पहुंचा रहा है। सूत्रों की माने तो पहले मां बेटी और इसके बाद पिता-पुत्र को गौ मांस सहित पकडे जाने के बाद इन्होंने पुलिस को वरूड़ के इस कारोबारी से गौ मांस लाने की जानकारी दे दी है,लेकिन इसके बावजूद आज तक पुलिस द्वारा इस पर किसी भी तरह की कोई भी कार्यवाही नहीं किए जाने को लेकर पूरे जिले में अनेकों प्रकार की जन चर्चाओं का बाजार गर्म है।

जागरूक हिंदूवादी संगठनों का मानना है कि यदि समय रहते पुलिस द्वारा इन गौ मांस की तस्करी तथा इसका कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाहीं नहीं कि गई तो आने वाले समय में कभी भी हिंदूवादी संगठनों द्वारा एकजूट होकर उग्र प्रदर्शन कर सकते है।

# डिजिटल होगी जनगणना : प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**आमला।** तहसील आगामी जनगणना 2027 के तहत आमला तहसील में प्रक्रिया का शुभारंभ हो चुका है। इसी क्रम में दिनांक 15 अप्रैल 2026 से शासकीय अंबेडकर महाविद्यालय हसलपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण तीन सत्रों में आयोजित होकर 25 अप्रैल 2026 को संपन्न होगा। जनगणना 2027 की कार्यवाही दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक मकानों की गणना की जाएगी। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर कुल 34 प्रश्नों के माध्यम से जानकारी एकत्र करेंगे। खास बात यह है कि इस बार पूरी जनगणना प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से होगी, जिसमें प्रगणक एचएलओ ऐप के जरिए डेटा दर्ज करेंगे। इसके अलावा नागरिकों को स्वयं अपनी जानकारी भरने के लिए स्व्ध पोर्टल की सुविधा भी दी गई है। पोर्टल पर जानकारी भरने के बाद एक एसईआईडी जनरेट होगी, जिसे प्रगणक के दौरे के समय प्रस्तुत किया जाएगा। इससे जनगणना की प्रक्रिया और अधिक सरल व तेज होने की उम्मीद है। अनुविभागीय जनगणना अधिकारी शैलेन्द्र बड़ोनिया ने प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं तहसील आमला ग्रामीण के लिए चार्ज अधिकारी शत्रुघ्न चौहान एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी रिचा कौरव को नियुक्त किया गया है। तहसील आमला ग्रामीण क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए कुल 256 प्रगणक एवं 43 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं, जो जनगणना कार्य को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

**// न्यायालय तहसीलदार छिन्दवाड़ा नगर-3 //**

**इश्तहार**

रा0 प्र0 क0 /अ-6/2025-26

मौजा सर्रा

चूकि आवेदिका रूचा पति अनुप पितले, गौरवी चावला पति संजीतसिंग चावला निवासी -65 रिलायबल कॉलोनी, ईदगाह हिल्स भोपाल तहसीत्र व जिला भोपाल द्वारा मौजा सर्रा पटवारी हल्का नंबर राजस्व निरीक्षक मंडल छिन्दवाड़ा नगर-3 स्थित खसरा नंबर 9/41 रकबा 0.016 हे0 भूमि की खातेदार अरूणा पति अरूणकुमार की दिनांक 28-3-2016 को मृत्यु होने से नाम विलोपित कर फौत खातेदार के वारसान पुत्र नही, रूचा पिता अनिल, गौरवी पिता अनिल का वारसान हक के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदनपत्र लोक सेवा केन्द्र छिन्दवाड़ा का पंजीयन क्रमांक आर एस /455/0760/1765/2026 दिनांक 14-3-2026 के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अत: एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा सर्रा पटवारी हल्का नंबर राजस्व निरीक्षक मंडल छिन्दवाड़ा नगर-3 स्थित खसरा नंबर 9/41 रकबा 0.016 हे0 भूमि की खातेदार अरूणा पति अरुणकुमार का नाम विलोपित कर फौत खातेदार के वारसान, रूचा पिता अनिल, गौरवी पिता अनिल का वारसान हक के आधार पर नाम दर्ज किये जाने मे यदि कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29-4-2026 को स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि गत हो जाने के उपरांत प्राप्त दावे आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार नगर**
**छिंदवाड़ा**